# IMS-BHU को अल्ट्रासाउंड, इकोकार्डियोग्राम मशीनें मिलीं

## चर्चा में क्यों?

**बनारस हिंदू विश्वविद्यालय** के चिकित्सा विज्ञान संस्थान **में जराचिकित्सा विभाग ने** आधिकारिक तौर पर **दो नई पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड** और **इकोकार्डियोग्राम मशीनों का अनावरण किया।**

## मुख्य बिंदु:

- विभाग निःशुल्क इन-हाउस बेडसाइड **इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम और स्पिरोमेट्री सेवाओं** के साथ-साथ बॉडी कंपोज़िशन एनालाइज़र और कमज़ोरी के मूल्यांकन के लिये हैंड ग्रिप डायनेमोमीटर प्रदान करता है, यह सभी सेवाएँ बिना किसी शुल्क के प्रदान की जाती हैं।
- IMS-BHU ने हड्डी पर प्रभाव डालने वाले **एंकिलॉज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस** की सीमा पर एक प्रस्तुति दी।
    - इस कार्यक्रम का आयोजन [**एम्स, जम्मू**]() द्वारा **एशिया पैसिफिक ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन यंग सर्जन फोरम** के हिस्से के रूप में किया गया था।

## एंकिलॉज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस (AS)

- यह एक प्रकार का **गठिया रोग** है जो **रीढ़ की हड्डी में सूजन उत्पन्न** करके मुख्य रूप से **पीठ को प्रभावित** करता है। इससे पीठ, पसली और गर्दन में अकड़ तथा पीड़ा हो सकती है।
- यह प्रायः उन लोगों में शुरू होता है जो किशोरावस्था या 20 वर्ष के आयुवर्गीय युवाओं में होता है।
- सूजन के अनुक्रिया में, **शरीर रीढ़ की हड्डियों के आस-पास अतिरिक्त कैल्शियम का उत्पादन करने लगता है।** इससे हड्डी के अतिरिक्त खंड बढ़ सकते हैं जिससे पीठ व गर्दन अधिक कठोर हो सकती है।

## एशिया पैसिफिक ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन (The Asia Pacific Orthopaedic Association-APOA)

- यह **एशिया प्रशांत क्षेत्र** के आर्थोपेडिक सर्जनों का एक क्षेत्रीय संगठन है।
- इसकी **शुरुआत वर्ष 1962** में वेस्टर्न पैसिफिक ऑर्थोपेडिक न के रूप में हुई। वर्ष 2000 में भारतीय उपमहाद्वीप के देशों को शामिल करने के साथ, एसोसिएशन का नाम बदलकर एशिया पैसिफिक ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन कर दिया गया।
- इसके **24 सदस्य प्रकरण** हैं और 40 से अधिक देशों से 65,000 से अधिक सदस्य हैं।
- इसका **मुख्य मिशन** इस क्षेत्र में आर्थोपेडिक सर्जनों के बीच शिक्षा, अनुसंधान और फेलोशिप को बढ़ावा देना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ims-bhu-gets-ultrasound-echocardiogram-machines